# 200 फीट अजमेर रोड से 14 नंबर सीकर रोड तक सभी अंडरपास की चौड़ाई बढ़ाने की कवायद शुरू

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में 200 फीट अजमेर रोड से लेकर 14 नंबर सीकर रोड तक सभी अंडरपास की चौडाई बढ़ाने की कवायद शुरू हो गयी है। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने बुधवार को इस संबंध में जेडीए और एनएचएआई के अधिकारियों की बैठक लेकर चर्चा की।

आनंदी ने बताया कि जयपुर की सड़कों पर बढ़ते यातायात दबाव और सड़कों पर जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए अजमेर रोड 200 फीट पुलिया से लेकर सीकर रोड 14 नंबर तक के सभी अंडरपास की चौडाई बढ़ायी जायेगी। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने बताया कि सभी अंडरपास पर पी.सी.सी. का कार्य करवाया जा रहा है, एनएचएआई द्वारा सभी अंडरपास की चौडाई बढ़ाने की कार्ययोजना तैयार की जा रही है, इससे आमजन को यातायात दबाव की समस्या से निजात मिलेगी।

बैठक में अजमेर रोड और सीकर रोड पर जल भराव से उत्पन्न समस्याओं के निराकरण पर चर्चा की गई। अधिकारियोंने बताया कि 200 फीट अजमेर रोड से 14 नम्बर सीकर रोड तक सर्विस रोड पर और पुलियाओं के नीचे पानी भराव की समस्या रहती है। इस पर एन.एच.ए.आई. अधिकारियों ने बताया कि सीकर रोड (200 फीट अजमेर रोड से 14 नम्बर वीकेआई तक) और अजमेर रोड (कमला नेहरू नगर पुलिया से भांकरोटा तक) पर ड्रेनेज को रि-डिजाईन किया जायेगा, जिसके लिए आउटफॉल जेडीए द्वारा उपलब्ध करवाया जायेगा। जे.डी.ए. कमिश्नर ने आगरा रोड और अजमेर रोड पर एन.एच.ए.आई. द्वारा निर्माणाधीन क्लोवर लीफ व अन्य कार्यो के लिए जेडीए द्वारा उपलब्ध करवाई जाने वाली भूमि के संबंध में दोनों विभागों के अधिकारियों को संयुक्त दौरा कर शीघ्र समाधान निकालने के लिए कहा।

जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने जे.डी.ए. और एन.एच.ए.आई. के अधिकारियों की बैठक ली।

जेडीए कमिश्नर आनंदी ने बताया कि 200 फीट बाईपास चौराहे पर एनएचएआई द्वारा दो अण्डरपास एवं दो फ्लाईओवर का निर्माण कार्य जनवरी 2025 तक प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है, इसके लिए जेडीए स्वामित्व और अन्य स्वामित्व की 3 हैक्टेयर भूमि की जरूरत होगी। बैठक में एनएचएआई के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि पूर्व में नॉर्थन रिंग रोड परियोजना के लिए जो भूमि अधिग्रहित की गई थी, उसे निरस्त कर दिया गया है। इसके लिए 92 किलोमीटर का नया प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

बैठक में जेडीए सचिव, निदेशक अभियांत्रिकी प्रथम एवं द्वितीय, निदेशक आयोजना, अतिरिक्त आयुक्त (पूर्व), संबंधित उपायुक्त, एनएचएआई प्रोजेक्ट डॉयरेक्टर, जेडीए एवं एनएचएआई के अधिकारीगण सहित संबंधित अधिकारीउपस्थित रहे।

# अब राजस्थान उपचुनावों में भी जनता भाजपा के साथ : मदन राठौड़

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने विधानसभा उपचुनावों की सभी 7 सीटों पर जीत का दावा करते हुए कहा कि हरियाणा के साथ कश्मीर में भी भाजपा को जनता का आशीर्वाद मिला है। ऐसे में उपचुनावों में भी प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कार्यों और योजनाओं के आधार पर भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से जीताकर विधानसभा भेजेगी। विपक्षी पार्टी ने विधानसभा चुनावों में भ्रम फैलाने का काम किया था लेकिन जनता के आशीर्वाद से भाजपा ने विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करवाई, अब उपचुनावों में भी सभी 7 सीटों पर भाजपा प्रत्याशी जीतेंगे।

मदन राठौड़ ने कहा कि प्रदेश की जनता ने 5 साल तक होटल और रिसोर्ट से चलने वाली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल को देखा है, कुर्सी बचाने के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नकारा, निकम्मा जैसे अपशब्दों का इस्तेमाल कर रहे थे। लेकिन अब प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार जनता के लिए

> ■ 'राजस्थान की जनता ने 5 साल तक झेली होटल वाली सरकार, प्रदेश में अब भजनलाल सरकार, जिसका जनता से सरोकार'

काम कर रही है और जनता के सरोकार से जुड़ी है। राजस्थान के युवाओं के सपने साकार करने के लिए एक ओर भर्ती कैलेंडर जारी किया जा रहा है, तो दूसरी ओर राइजिंग राजस्थान के माध्यम से रोजगार लाने के लिए निवेशकों से एमओयू किए जा रहे है। इसकी बानगी राजस्थान में फिल्म सिटी के लिए एमओयू और फिर जमीन आवंटन की कार्यशैली को देखा जा सकता है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष कहा कि भाजपा उपचुनावों में सरकार के विकास के कार्यों को लेकर जनता के बीच जाएगी और कांग्रेस से सीटें छीनने के साथ सभी सीटों पर जीत दर्ज कराएंगे। भाजपा में टिकट वितरण केंद्रीय नेतृत्व जनता की राय और सर्वे रिपोर्ट के आधार पर करता है। इसमें किसी का चेहरा नहीं देखा जाता बल्कि व्यक्ति की निष्ठा, सेवाभाव और कत्तर्व्य परायणता के साथ जनता का मत देखा जाता है। आज के बदले हुए समीकरणों के अनुसार टिकट का वितरण होगा। कांग्रेस ने विधानसभा चुनावों में भ्रम फैलाया, लेकिन अब समीकरण अलग है। जो जन सेवा के लिए मैदान में है, उसको उतारा जाएगा। भाजपा ऐसा संगठन है जहां एक राय होकर काम करते है।

राठौड़ ने कहा कि अब वो समय आ गया है जब जनता को बरगलाने से काम नहीं चलेगा। जनता विकास और कार्य के नाम पर वोट देती है। भाजपा की रणनीति साफ और स्पष्ट है कि केंद्र और राज्य सरकार के कार्यों के साथ योजनाओं को आधार बनाकर चुनाव लड़ा जाएगा। भाजपा संगठन मजबूत है, यहां बूथ से लेकर जिला स्तर तक के कार्यकर्ताओं द्वारा सतत रूप से आमजन से संपर्क किया जा रहा है।

# अपने ही फैसले वापस लेने वाली यह यूटर्न सरकार है : डोटासरा

**जयपुर।** एसआई भर्ती को लेकर असमंजस, महिला आईपीएस अधिकारी की लोकेशन ट्रेस के मामले और नाबालिग बच्चियों से दुष्कर्म की लगातार बढ़ती घटनाओं को लेकर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बुधवार को मीडिया से कहा कि एक महिला एसपी की उन्हीं के मातहत कर्मचारी लोकेशन ट्रेस कर रहे हैं। आज तक सरकार ने एक शब्द नहीं कहा। ये किस मुंह से महिला सशक्तिकरण और महिला अपराध रोकने की बात कह सकते हैं।

डोटासरा ने कहा कि मंत्री ने इस्तीफा दे दिया और भाजपा मुख्यालय में एक कैबिनेट मंत्री हाथ जोड़कर मुख्यमंत्री से कहता है कि इस्तीफा स्वीकार कर लो, लेकिन आज तक इस्तीफे पर कोई फैसला नहीं आया। एक दिन मंत्री के लेटरपैड पर दस्तखत करते हैं। दूसरे दिन विधायक के लैटरपैड पर साइन करते हैं। मंत्रिमंडल की बैठक में शामिल होते हैं तो जनता यह मानती है कि वे मंत्री हैं। दूसरे दिन कहते हैं कि एसआई भर्ती निरस्त करवाने आए थे। इसलिए लोगों की जुबान पर आ गया कि यह सर्कस है।

उन्होंने कहा कि अब यह यू-टर्न की सरकार बन गई है, जो अपना एक भी फैसला लागू नहीं करवा पाए। शिक्षा विभाग को लेकर कई वादे और दावे किए गए। आदेश जारी किए गए, लेकिन हर बार अपने पैर पीछे हटाने पड़े। कल तो हद हो गई,जब एक तबादला सूची आई और तीन घंटे बाद निरस्त हो गई।

# राष्ट्रीय कला मिलन उत्सव 18 से

**जयपुर।** कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती का तीन दिवसीय "राष्ट्रीय कला मिलन उत्सव" 18 से 20 अक्टूबर को गुलाबी नगर जयपुर में होगा। मानसरोवर की कृष्णा सागर कालोनी स्थित महेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन "अभिनंदन" के सभागार में 18 अक्टूबर को कला संवाद (संगोष्ठी) में "भारतीय पारम्परिक कला दृष्टि और जीवन मूल्य" विषय पर आचार्य भारत रत्न भार्गव वक्ता होंगे।कला संवाद की अध्यक्षता पाथेय कण के पूर्व संपादक कन्हैया लाल चतुर्वेदी और संचालन संस्कार भारती जोधपुर प्रांत के अध्यक्ष जितेन्द्र जालोरी करेंगे।

# राजस्थान स्टेट एंड हेल्थ केयर काउंसिल के चेयरमैन की नियुक्ति पर रोक

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान स्टेट एंड हेल्थ केयर काउंसिल के चेयरमैन की नियुक्ति पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में एसीएस मेडिकल एंड हेल्थ, प्रमुख विधि सचिव और डॉ. एसएस यादव से जवाब देने के लिए कहा है। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश सुनीता शर्मा व अन्य की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि भारत सरकार ने दी नेशनल कमीशन फोर अलाइड एंड हेल्थ प्रोफेशन एक्ट, 2021 पारित किया था। जिसमें स्वास्थ्य सेवा की विभिन्न ब्रांच को इस एक्ट के अधीन लाया गया। इसमें मेडिकल लेबोरेट्री, रेडियोग्राफर, ईसीजी, बीपीटी, बर्न फिजियो प्रोफेशन व प्राकृतिक चिकित्सा को भी शामिल किया गया। इस एक्ट के तहत काउंसिल के चेयरमैन पद पर उसी को पात्र माना गया, जिसके पास इन सेवा में 25 साल का कार्य अनुभव व मास्टर की डिग्री हो। इसके बावजूद राज्य सरकार ने गत 30 अगस्त को आदेश जारी कर डॉ. एसएस यादव को काउंसिल का चेयरमैन नियुक्त कर दिया। जबकि डॉ. एसएस यादव इनमें से किसी विभाग से नहीं आते हैं। ऐसे में वे केन्द्र सरकार की 28 मार्च 2021 की गजट नोटिफिकेशन की शर्त के तहत पात्र नहीं हैं और यह उनकी नियुक्ति इस शर्त की अवहेलना है। इसलिए चेयरमैन के पद से उसकी नियुक्ति को रद्द किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने नियुक्ति पर रोक लगाते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

# अधिकारी-कार्मिक अधिक संवेदनशील और सतर्क रहकर कार्य करें : नवीन महाजन

**जयपुर।** राजस्थान में 7 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और भय रहित माहौल में करवाने के लिए निर्वाचन विभाग माइक्रो आब्जर्वर और सेक्टर ऑफिसर के रूप में अतिरिक्त मानव संसाधन नियोजित किए जाएंगे। इस क्रम में निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी-कार्मिक अधिक संवेदनशील और सतर्क रहकर कार्य करेंगे। साथ ही, जागरूकता गतिविधियां बढ़ाकर अधिकाधिक मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बुधवार को उपचुनाव वाले क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारियों, रिटर्निंग अधिकारियों (आरओ), पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस बैठक में इस सम्बन्ध में निर्देश दिए। उपचुनाव की तैयारियों की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि सभी रिटर्निंग अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का गहनता से अध्ययन करें और तदनुसार अपने टीम सदस्यों को समुचित प्रशिक्षण देकर निर्वाचन को निष्पक्ष और समावेशी प्रक्रिया के रूप में संपन्न करवाएं।

महाजन ने जिला निर्वाचन अधिकारियों से कहा कि विधानसभा क्षेत्रों में संवेदनशील मतदान केन्द्रों की पहचान कर वहां अतिरिक्त माइक्रो आब्जर्वर या सेक्टर ऑफिसर की तैनाती कर सकते हैं। धरातल पर नियोजित ये सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी और अधिकारों की पूरी जानकारी रखें तथा आयोग के दिशा-निर्देशों एवं नियमों की बारे में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समय-समय पर बैठक कर सूचनाएं साझा करें।

बैठक में राज्य पुलिस नोडल

> ■ जिला निर्वाचन, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा

अधिकारी पुलिस महानिरीक्षक (कानून-व्यवस्था) अनिल टांक ने जिला पुलिस अधीक्षकों सहित अन्य पुलिस अधिकारियों से उपचुनाव वाले क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर विशेष निगरानी के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि चुनाव वाले 7 जिलों में से 4 की सीमाएं पड़ोसी राज्यों से लगी है, जहां विशेष निगरानी के लिए अंतरराज्यीय सीमा नाके लगाए गए हैं। सभी 7 विधानसभा क्षेत्रों में संवेदनशील इलाकों की पहचान कर सुरक्षा व्यवस्था का समुचित प्रबंधन किया जा रहा है तथा आवश्यकता होने पर केन्द्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी महाजन ने भी कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में सुरक्षित, भय रहित और शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है. इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने 85 वर्ष से अधिक आयु और 40 से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं के लिए होम वोटिंग के विकल्प का जमीनी स्तर पर प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया, ताकि इन श्रेणियों के ज्यादा से ज्यादा मतदाता अधिक सुविधाजनक ढंग से अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। वर्तमान में उपचुनाव वाले 7 विधानसभा क्षेत्रों में 85 वर्ष से अधिक आयु के 19,674 और 22,834 दिव्यांग मतदाता चिन्हित किए गए हैं, जो होम वोटिंग के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि उपचुनाव के लिए 23 अक्टूबर तक बीएलओ द्वारा पात्र मतदाताओं से विकल्प-पत्र के रूप में फॉर्म 12डी प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इससे चुनाव प्रक्रिया अधिक समावेशी हो सकेगी तथा लोकतान्त्रिक प्रक्रिया में सभी लोगों की भागीदारी बढ़ाने का उद्देश्य हासिल किया जा सकेगा।

महाजन ने कहा कि उपचुनाव क्षेत्रों में जिला स्तर पर स्थापित एवं संचालित कंट्रोल रूम में फोन नंबर 1950 पर डायल कर शिकायत दर्ज करने और उनके निस्तारण की व्यवस्था पर औचक निरीक्षण करें। उन्होंने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में आदर्श मतदान केन्द्रों की संख्या बढ़ाने तथा सभी मतदान केन्द्रों पर आयोग के निर्देशानुसार पेयजल, छाया, शौचालय, व्हीलचेयर आदि न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

वीडियो कांफ्रेंस के दौरान दौसा, नागौर, डूंगरपुर, टोंक, झुंझुनू, अलवर और सलूम्बर के जिला निर्वाचन अधिकारियों ने उपचुनाव के तैयारियों, विभिन्न भौतिक तथा मानवीय संसाधनों की उपलब्धता, चुनाव प्रक्रिया के लिए अधिकारियों-कार्मिकों के नियोजन और प्रशिक्षण की स्थिति पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिए। अधिकारियों ने बताया कि सभी जिलों में आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करवाई जा रही है और सार्वजनिक-निजी संपत्ति पर प्रचार-प्रसार सामठी हटाने संबंधी निर्देशों के लिए 24, 48 और 72 घंटे की समय-सीमा के अनुरूप कार्रवाई की जा रही है। ईवीएम तथा वीवीपैट मशीनों की जांच और रैंडमाइजेशन किया जा चुका है।

# 'सक्रिय सदस्यता अभियान भाजपा कार्यकर्ताओं को नए अवसरों के साथ प्रोत्साहित करेगा'

**जयपुर।** कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बुधवार को कार्यकर्ता के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भाजपा का पहला सक्रिय सदस्य बनने और सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

राठौड़ ने कहा, देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा का प्रथम सक्रिय सदस्य बनकर विकसित भारत-

> ■ कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भाजपा का पहला सक्रिय सदस्य बनने और सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत करने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं

विकसित राजस्थान के संकल्प को मजबूती प्रदान की है। सक्रिय सदस्यता अभियान से पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को देश के लिए काम करने की नई ऊर्जा मिलेगी। सक्रिय सदस्यता अभियान कर्मठ कार्यकर्ताओं को नए अवसरों और जिम्मेदारियों के साथ प्रोत्साहित करेगा। यह अभियान हमारे कार्यकर्ताओं के बीच प्रतिबद्धता और समर्पण की भावना को मजबूत करेगा और मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण में सक्रिय रूप से योगदान करने के लिए सशक्त बनाएगा।

राठौड़ ने देशभर के कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वे भी भाजपा के सक्रिय सदस्य बनें और इस अभियान को सशक्त करें। सक्रिय सदस्यता अभियान जमीनी स्तर भाजपा को और मजबूत करेगा। इसके साथ ही राष्ट्रीय प्रगति के लिए भाजपा के कार्यकर्ताओं का प्रभावी योगदान सुनिश्चित करेगा।

# 'बिना अनुमति विदेश नहीं जाने की शर्त हटाई तो आरोपी हो सकते हैं फरार'

**जयपुर।** जिले के अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-4 में गोपालगढ हिंसा प्रकरण में आरोपी पूर्व विधायक जाहिदा खान और अनिता सिंह की ओर प्रार्थना पत्र दायर कर पूर्व में दी गई अग्रिम जमानत के दौरान बिना अनुमति विदेश नहीं जाने की लगाई शर्त को हटाने की गुहार की है। वहीं सीबीआई की ओर से प्रार्थना पत्र का विरोध करते हुए अपना जवाब पेश किया गया है।

सीबीआई के निरीक्षक अमर सिंह की ओर से प्रार्थना पत्र का जवाब देते हुए कहा गया कि यदि अदालत की ओर से बिना अनुमति विदेश नहीं जाने की शर्त हटाई गई तो आरोपी फरार हो सकते हैं और इसका सीधा प्रभाव मुकदमे की सुनवाई पर पडेगा। सीबीआई की ओर से जवाब में यह भी कहा गया कि आरोपियों ने अपने विदेश जाने को लेकर न तो कोई दस्तावेज पेश किए हैं और ना ही विदेश जाने की तारीख बताई है।

# कम्यूनिटी पुलिसिंग में राजस्थान को राष्ट्रीय पुरस्कार

दिल्ली के एक होटल में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय सम्मान समारोह में आई.पी.एस.पंकज चौधरी को कम्यूनिटी पुलिसिंग में नवाचार एवं उम्दा कार्यों के लिए "डूइंग गुड फ़ॉर भारत अवॉर्ड 2024" से सम्मानित किया गया।

**जयपुर।** राजस्थान कैडर के आईपीएस अधिकारी पंकज चौधरी की लीडरशिप में "कम्यूनिटी पुलिसिंग" को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। दिल्ली के होटल पुलमैन में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय सम्मान समारोह में आईपीएस पंकज चौधरी को कम्यूनिटी पुलिसिंग में नवाचार एवं उम्दा कार्यों के लिए डूइंग गुड फ़ॉर भारत अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया।

कम्युनिटी पुलिसिंग के एसपी पंकज चौधरी को यह सम्मान शासन और सार्वजनिक सेवाओं के माध्यम से उम्दा परफॉर्मेंस के लिए दिया गया है। इंडिया सीएसआर एंड ईएसजी समिट 2024 के अवसर पर राजस्थान में कम्यूनिटी पुलिसिंग के कार्यों की सराहना और सम्मान करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर नवाज़ा गया। सीएसआर एंड ईएसजी शिखर सम्मेलन के इस 11वें संस्करण में देशभर से चुनिंदा श्रेष्ठ कार्यों को मुकाम देने वाली अन्य हस्तियों को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पद्मश्री एवं ढोलकिया फाउंडेशन के अध्यक्ष शिवाजी ढोलकिया, केंद्रीय राज्यमंत्री कॉरपोरेट अफेयर्स हर्ष मल्होत्रा, केंद्रीय वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह, उत्तरप्रदेश के सामाजिक न्याय राज्यमंत्री असीम अरुण समेत कर्नाटक के चिकित्सा मंत्री दिनेश गुण्डु राव ने ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट देकर एसपी चौधरी को सम्मानित किया।

इस सम्मान समारोह में आईपीएस पंकज चौधरी के साथ एडीजीपी मध्यप्रदेश डॉ. वरुण कपूर, अडाणी फाउंडेशन, हुंडई मोटर्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एसबीआई लाइफ, सनोफी इंडिया, एचडीएफसी बैंक, जेनपैक्ट इंडिया, कैपजैमिनी टेक्नोलॉजी सरीखी देश की बडी कंपनियों के उम्दा प्रयासों को भी सम्मानित किया गया।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

IN THE HON'BLE COURT OF THE ASSISTANT COMMISSIONER AT CHICKBALLAPUR
R.A. No. 690/2022-23
Appellants :1. Sri.A.V.Shivakumar S/o Late Veerappa Aged about 56 years, 2. Sri.A.V.Byregowda S/o Late Veerappa Aged about 54 years, Both are R/at Attiganahalli Village, Janamakote Hobli, Shidlaghatta Taluk -Vs-
Respondents: 1. Sri.H.Anjinappa and another
R-2. M/S PACL India Limited Its Registered Office No.22, 3rd floor, Amber Tower, Sansar Chand Road, Jaipur, Rajastan State.
PAPER PUBLICATION
NOTICE TO RESPONDENTS NO.2 UNDER ORDER 5 RULE 20(1) R/W SECTION 151 OF C.P.C. THE APPELLANTS BEGS TO SUBMITS AS FOLLOWS:-
Whereas the appellants have preferred this appeal set-aside the change of mutation entry in MR No.H7/2014-15 in respect of Sy No.87/1 an extent of 4-27 guntas out of which 2-02 guntas, situated at Athiganahali Village, Shidlaghatta Taluk, Chickballapur District, Karnataka State, against the respondents.
You are the Respondents No.2 is evading to receive the notice issued by this Hon'ble Court. The respondent being a Registered company having its registered officer at Rajastan as mentioned in the cause title. The respondent No. 2 is aware of the pendency and proceedings of the case and intentionally avoiding to receive the notice, hence this notice by paper publication. The respondent No.2 shall appear before the court personally or through his counsel able to answer all the material questions arising in the plaint/ Appeal on 24.10.2024 at 11.00 clock in forenoon.
Take notice accordingly, that in default of your appearance on the Date Before mentioned in the appeal, it will be heard as determine.
By order of the court
ASSISTANT COMMISSIONER CHICKBALLAPUR SUP DIVISION, CHICKBALLAPUR DISTRICT
Advocate for Appellants: A.M.Chikkerappa
Advocate, Chickballapur

सम्मन बनाम कायम मुकाम
(आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम 3, जयपुर महानगर (प्रथम)
रामसेवक तिवाडी बनाम रीतू चौधरी
दावा बाबत- हिसाब फहमी
मुकदमा नं.C.S. 77/14 सन् 21.10.2024
बनाम- मुसम्मी आरजु चौधरी वल्द श्री सुधीर कुमार चौधरी कौम जाट साकिन प्लाट नं. 94/59, गोखले मार्ग, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर चूंकि वादी ने इस अदालत में तारीख...माह...सन् 20...को 1. रामसेवक तिवाडी बनाम 2. रीतू चौधरी दायर की जो कि बाद में फोत हो गया और चूंकि प्रतिवादी के मजकूर के दरवास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतवफ्फी...मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इस्तदुआ की है बजाय उसके आप 3. प्रतिवादी बनाये जावें।
लिहाजा बजरिये हाजा बगर्ज जवाबदेही 1.....आपको ता. 21 माह 10 सन् 2024, 11.00 ए.एम. को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में सुना व फैसला किया जावेगा।
बसक्त मेरे दस्तात व मुहर अदालत के आज तारीख 08 माह 10 सन् 2024 को जारी किया गया।
ओहदा - वरिष्ठ रीडर
मोहर अदालत
अपर जिला एवं सैंशन न्यायाधीश क्रम-3, जयपुर महानगर-प्रथम

नाम परिवर्तन
मैं महावीर प्रसाद आर्मी नं. JC-388476L रैंक सूबेदार निवासी गांव चाक, 16-ए, अनूपगढ़, राजस्थान ने अपने सर्विस रिकॉर्ड में अपनी पुत्री का नाम आधार कार्ड के अनुसार खुसी विश्नोई से बदलकर खुशी विश्नोई कर दिया है।
मैं योगेश माखीजा पुत्र श्री जितेन्द्र माखीजा निवासी प्लॉट नं. 243, गोविन्द नगर पूर्व, दशहरा कोठी, आमेर रोड, ब्रह्मपुरी ने भविष्य के लिए अपने दस्तावेजों में अपनी माताजी का नाम वर्षा माखीजा से बदलकर करिश्मा माखीजा कर लिया है।
मैंने अपना नाम बदलकर किशोर कुमार आहूजा से किशोर आहूजा रख लिया है। निवासी-प्लाट नं. 468, आचार्य कृपलानी मार्ग, आदर्श नगर, जयपुर। भविष्य में मुझे किशोर आहूजा के नाम से जाना जावें।
I kailash chand bairwa S/O nathu ram bairwa R/O plot no.12 Ambedkar colony Agra road 9km jamdoli jaipur 302031 Has changed my name from kailash chandra bairwa to kailash chand bairwa. I will be known as kailash chand bairwa for all purposes.
I Tarun Rathi, S/o Ashok Rathi R/o 142, S-01, Ganpati Nagar Behind family hospital, Mansarovar Jaipur-302020, Rajasthan have changed my name to Tarun Kumar Rathi for all future purposes and in the future, I will be known by this name.
I, MEENABEN MEGHABHAI CHOSALA spouse of No. 8037537N LNK (WM) Bhagat Ghanashyam Bhai Jeeva Bhai R/O Vill- Khaksar, Po- Khaksar, Teh- Tarapur, Dist- Anand(GJ) Pin-388625 have changed my name from MEENABEN MEGHABHAI CHOSALA to MEENABEN GHANASHYAMBHAI. vide affidavit No. IN-RJ43641194752276W dt 07 May 2024. (Jaipur)

खोया पाया
मेरे मकान 9/188 मालवीय नगर जयपुर का No Dues Certificate जिसका नंबर 05081987 है वो जयपुर में खो गया है मिलने पर सूचित करें-8005632426

सूचना
मैं रवि गौत्तम पुत्र विनोद गौत्तम ने गुड्डी देवी व शांति देवी के 131.66 गज प्लॉट जिसका पता- पहलाद कॉलोनी / बिष्णु गार्डन के पास, गुर्जरो की ढाणी खोखावास, टोंक रोड, सांगानेर है उसका 11 अक्टूबर 2024 को खरीदने का इकरारनामा किया है । यदि इस प्लॉट संबंधित किसी व्यक्ति को किसी भी तरह की कोई आपत्ति हो या विवाद हो तो 3 दिवस के भीतर संपर्क करें। मो. 8949850492, 7062224888

आम सूचना/सार्वजनिक सूचना/बेदखली नोटिस
सभी को सूचित किया जाता है मेरे अभिभाष्य रामलाल धानका पुत्र स्व. श्री रामनारायण उम्र 65 वर्ष, जाति धानका, निवासी- मकान नम्बर 278, लालकोठी योजना, जेडीए फ्लेट्स के पास, टोंक रोड, जयपुर राजस्थान ने अपने पुत्र गुड्डू कायत, पौत्र तरुण धानका उर्फ सन्नी तथा पुत्रवधू मीनू देवी को उनके गलत चाल चलन व व्यवहार तथा मारपीट, गाली गलौच करने के कारण हमेशा के लिये अपनी सम्पूर्ण चल व अचल सम्पत्तियो 1. प्लॉट नम्बर 27, अनिता कॉलोनी-बी, मंगलम आनन्दा सिटी के पास, हाज्यावाला, सांगानेर, जयपुर क्षेत्रफल 200 वर्गगज दो मंजिला बना हुआ, 2. एक प्लॉट स्थित लालकोठी, जयपुर क्षेत्रफल 50 वर्गगज, 3. प्लॉट स्थित श्याम नगर, रातावेडा स्कीम, कासेल रोड, वगरू, जयपुर राजस्थान क्षेत्रफल 100 वर्गगज से बेदखल कर दिया है। मेरे अभिभाष्य का उपरोक्त तीनो से अब कोई संबंध व नाता नहीं है। तथा मेरे अभिभाष्य के किसी भी चल व अचल सम्पत्तियो से किसी प्रकार का गुड्डू कायत, तरुण धानका उर्फ सन्नी, मीनू देवी का कोई हक व अधिकार नहीं होगा। जो भी व्यक्ति उनसे किसी भी प्रकार का लेन देन, संव्यवहार करेगा वह व्यक्ति स्वयं ही जिम्मेदार होगा। सूचित रहे।
(निरंजन कुमार रईसवाल), एडवोकेट
मोबाइल नम्बर 9079866943

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण नजामा परवीन पत्नी असद अली व असद अली पुत्र सय्यद कासिम अली जाति-मुसलमान, निवासीगण- मकान नं. 19 व 208/7, मोहल्ला ब्रिलेटियान, बास बदनपुरा, जयपुर का एक पुत्र सय्यद रोशन अली असामाजिक तत्वो के बहकावे व उकसावे में आकर मेरे अभिभाष्यगण के साथ गाली गलौच व मारपीट करता है तथा विवाहित होते हुए इसने किसी अन्य लड़की से शादी कर ली है। इसलिये मेरे अभिभाष्यगण उससे काफी बेखौफ है। मेरे अभिभाष्यगण ने अपने पुत्र सय्यद रोशन अली को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्तियों से बेदाल करते हुये उससे अपने सम्बन्ध समाप्त कर लिये है। भविष्य में कोई भी व्यक्ति मेरे अभिभाष्यगण के पुत्र से कोई लेन देन करेगा या सम्बन्ध रखेगा तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे अभिभाष्यगण की कोई जिम्मेदारी नही होगी। अब सय्यद रोशन अली का मेरे अभिभाष्यगण की चल व अचल सम्पत्तियों में कोई हक व हिस्सा नहीं है। सूचित रहे।
दिनांक- 16.10.2024 (प्यारे मियाँ) एडवोकेट

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर सार्वजनिक सूचना
क्रमांक : जविप्रा/जोन-12/2024/बी-5660 दिनांक : 16.10.2024
श्रीमती नीता देवी पत्नि श्री सुल्तान सिंह घायल निवासी 61 सी, शंकर विहार विस्तार, चरण नदी, मुरलीपुरा, जयपुर श्रीमती राजकिरण पत्नि श्री देवेन्द्र सिंह चौहान निवासी एचई-47, विष्णु मार्ग, हनुमान नगर विस्तार, झोटवाड़ा, जयपुर व श्रीमती सन्तोष लुनावत पत्नि श्री धर्मवीर लुनावत निवासी बालाजी विहार-8 विस्तार, लुनावत पेम्बर बेनाड़ रेल्वे स्टेशन के सामने, बोयतायाला बेनाड़ रोड़, जयपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्यापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किय है, अर्थात:-

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार | खसरा सं. | क्षेत्रफल (हैक्ट.) में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम मांचवा तहसील कालवाड़ | नीता देवी, राजकिरण, सन्तोष लुनावत | 1057/179 | 0.5374 |
| | | कुल किता 01 | | 0.5374 |

प्रकरण में जारी मानचित्र की अवधि लगभग एक वर्ष से अध